बम बम भोले | by Ritu Karki

बम बम भोले बोलते रहो
किस्मत के ताले खोलते रहो
अरे भोले की मस्ती में डोलते रहो
किस्मत के ताले खोलते रहो

एक बार जिसने भी बम बम बोला
किरपा लुटाता है मेरा उसपे भोला
एक दूसरे को बोलते रहो
किस्मत के ताले खोलते रहो

चारों तरफ है भोले का डंका
भोले के नाम से हर काम बनता
तार दिल के बस जोड़ते रहो
किस्मत के ताले खोलते रहो

सब का सहारा भोला हमारा
शर्मा की कश्ती का ये किनारा
सोचने वालो तुम सोचते रहो
किस्मत के ताले खोलते रहो
बम बम भोले बोलते रहो
किस्मत के ताले खोलते रहो.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%ae-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-ritu-karki/